कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 25.03.2023

गर्ल्स कॉलेज में
विश्व जल दिवस मनाया गया।

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के एक्वा क्लब द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि देश के जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमें जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए। इसके साथ ही पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पानी की जांच भी कराते रहें। विज्ञान की छात्राओं को सैम्पल टेस्टिंग भी अपनी प्रयोगशाला में कराना चाहिए। एक्वा क्लब प्रभारी विभागाध्यक्ष, रसायनशास्त्र डॉ0 सुनीता गुप्ता ने इस दिवस के महत्व का बताते हुए कहा कि विश्व स्तर पर जल संरक्षण पर कार्य हो रहे हैं, इस वर्ष की थीम ''परिवर्तन में तेजी'' (Accelariting change to solve the water and solution crises) रखी गई है। महाविद्यालय के एक्वा क्लब द्वारा वर्ष भर इस पर जागरूकता पर कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय की रसायनशास्त्र विभाग की छात्रा कु0 राधिका देवांगन ने जल संरक्षण के तरीकों पर प्रकाश डाला। प्राणीशास्त्र विभाग की छात्रा कु0 एलीशा ने गर्मी में पशु–पक्षियों के लिये पानी के झकोरे रखने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 सुनीता गुप्ता ने किया।

टीप– छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित ।

(डॉ0 एस0 सी0 तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
दुर्ग (छ0ग0)

GOVT. Dr. W.W. PATANKAR GIRLS' PG COLLEGE
DURG (C.G.)
Aqua
Govt. Dr.W.W. Patankar Girls' P.G. College, Durg
IQAC
INTERNAL QUALITY